Great National Achievement

आई0टी0एस0 डेन्टल कॉलेज में विद्यार्थियों तथा दंत चिकित्सकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार की श्रृंखला का आयोजन

May 17, 2020 • Vijay Bhati

गाज़ियाबाद:दिल्ली-मेरठ रोड़, मुरादन: आई0टी0एस0 सेंटर फॉर डेन्टल स्टडीज एण्ड रिसर्च आई0टी0एस0 डेन्टल कॉलेज, मुरादनगर के सभी विभिन्न दंत विभागों द्वारा 11 मई से 16 मई, 2020 तक बी0डी0एस0 एवं एम0डी0एस0 पाठ्क्रमों के विद्यार्थियों तथा दंत चिकित्सकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार श्रृंखला का आयोजन किया गया।



इन अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार श्रृंखला के माध्यम से बी0डी0एस0 और एम0डी0एस0 पाठ्क्रम के छात्रों तथा दंत चिकित्सकों को दंत चिकित्सा के शिक्षण में बहुत लाभ प्राप्त हुआ है। आई0टी0एस0 - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आर0पी0 चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन से इस सफल

Great National Achievement

11 मई, 2020 (पहला वेबिनार)

डॉ0 विजेन्द्र पी0 सिंह, फैकल्टी आफ डेन्टिस्ट्री, मेलाका, मलेशिया, यू0एस0ए0 द्वारा श्रृंखला का पहला वेबिनार प्रस्तुत किया गया। जिसका विषय ओस्योडेंसिफिकेशनः क्लिनिकल कॉन्सेप्ट एंड ऐपलीकेशन था। डॉ0 विजेन्द्र नें सभी प्रतिभागियों को ओस्योडेंसिफिकेशन के सिद्धांत से अवगत कराया तथा उसके विभिन्न अनु प्रयोगों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तथा उन्होंने ओस्योडेंसिफिकेशन के माध्यम से हड्डी संरक्षण के महत्व पर जोर दिया, ताकि नियमित रूप से इम्प्लांट ड्रिल का उपयोग किया जा सकें।

12 मई दूसरा

डॉ0 टी0सी0 फुआ, अध्यक्ष, कॉलेज आफ जनरल डेन्टल प्रैक्टिशनर्स (सिंगापुर) द्वारा दूसरा वेबिनार प्रस्तुत किया जिसका विषय मैकिंग इन पोस्ट एंड कोर सिस्टम था। वेबिनार के दौरान डॉ0 टी0सी0 फुआ ने पोस्ट और कोर सिस्टम के महत्व को समझाया गया और इस विषय में अपने मरीज़ों पर किये गये उपचारों को प्रतिभागियों से साझा किया तथा सही निर्णय लेने की रणनीति पर भी चर्चा की।

13 मई, 2020 (तीसरा वेबिनार)

डॉ0 रिकी पाल सिंह, क्लिनिकल रिसर्च असिसटेंट, यूनिवर्सिटी आफ ब्रिटिश कोलंबिया द्वारा तीसरा वेबिनार प्रस्तुत किया गया। जिसका विषय डेन्टिस्ट्री बीआन्ड इंडियाः ग्लोबल एंड नोर्थ अमेरिका सिनेरीओ था। वेबिनार में डॉ0 रिकी पाल सिंह ने बताया कैसे दंत चिकित्सा तथा रिसर्च करना, भारत और अमेरिका मे अलग है। तथा उन्होंने दंत चिकित्सा में नवीनतम तकनीकों पर भी जोर दिया। साथ ही उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों के लोगों की ताकत पर जोर दिया, जिन्होंने उत्तरी अमेरिका के हैल्थकेयर सिस्टम में एक टीम के रूप में एक साथ कार्य किया। उन्होंने उत्तरी अमेरिका में कार्य करने के लिए एक नये दंत चिकित्सक के लिए उपलब्ध विकल्पों पर भी जोर दिया और बताया कैसे स्वास्थ सेवा प्रणाली की विभिन्न धाराओं को एक कैरियर के रूप में अपनाया जा सकता है।

15 मई, 2020 (चौथा वेबिनार)

डॉ0 भूषण वी0 जयदे, कंसल्टेंट ओरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जन और एच0ओ0डी0 डेन्टल विभाग, एन0एम0सी0 स्पेशलिटी हॉस्पिटल दुबई इनवेस्टमेंट पार्क, दुबई, यू0ए0ई0 द्वारा श्रृंखला का चौथा वेबिनार प्रस्तुत किया। जिसका विषय सर्जिकल मैनेजमेंट आफ बिनाइन पैथोलॉजीकल आफ जॉज था। डॉ0 भूषण ने अपने वेबिनार के दौरान सभी विद्यार्थियों एवं दंत चिकित्सकों को उपचार की सही तकनीक के महत्व और व्यक्तिगत मामलों के लिए बेहतर उपचार चुनने पर जोर दिया। तथा जबड़ों के विभिन्न प्रकार के निदान के बारे मे भी जानकारी दी, एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हाल ही के उपचार प्रोटोकॉल पर भी जोर दिया।

वेबिनार प्रस्तुत किया गया। जिसका विषय मैनेजिंग पेन एंड ऐंगज़ाइटी इन पीडीऐट्रिक डेन्टिस्ट्री- द बायोप्सीकोसियल अप्रोच था। डॉ0 शरत चंद्र पाणि द्वारा लिए गये वेबिनार मे बताया कि बच्चों मे किस तरह दर्द और चिंता पर काबू पाया जा सकता है। जिससे सभी प्रतिभागियों को एक सही व्यवहार प्रबंधन योजना बनाने में उनकी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद की। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम उपचारों तथा तकनीकों के महत्व के बारे में जानकारी दी।

अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार श्रृंखला के प्रत्येक वेबिनार में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें वक्ताओं ने सभी विद्यार्थियों एवं दंत चिकित्सकों द्वारा पूछे गये सभी प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इसके साथ ही वक्ताओं ने आगामी युवा दंत चिकित्सकों को अपने ज्ञान को बढ़ाने और अपने रोगियों को सर्वोत्तम उपचार देने के लिए प्रोत्साहित भी किया। अंत में वक्ताओं ने इन अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक इंटरैक्टिव सत्र् के आयोजन करने के लिए आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

कोविड-19 के प्रकोप के कारण छात्रों के शिक्षण कार्य का नुकसान न हो इसलिए आई0टी0एस0 - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आर0पी0 चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा के द्वारा निरंतर छात्रों के लिए सफल अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिये संस्थान के सभी विद्यार्थियों तथा दंत चिकित्सकों ने उनको अपना आभार प्रकट किया।

More to read

Powered by
Navlekhā